RAF SECTOR
NEWS CLIP
30/06/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Jansandesh Times, Prayagraj (UP)

वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

फाफामऊ। शांतिपुरम स्थित 101 आर०ए०एफ० की टीम द्वारा गोहरी गांव में वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने किया। इस मौके पर वाहिनी के जवानों द्वारा 800 पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर उप कमाण्डेंट पवन कुमार, सहायक कमा० विजय बहादुर रजक सहित द्रुत कार्य बल के जवानों व ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

Rajasthan Patrika, Jaipur (RJ)

रैपिड एक्शन फोर्स ने फिट इंडिया अभियान के तहत किया फ्रीडम रन का आयोजन

गौरव महिमा

जयपुर। राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से फिट इंडिया अभियान के तहत फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। केंद्रीय खेल मंत्रालय भारत सरकार और केंन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल महानिदेशालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार फिट इंडिया फ्रीडम रन और योग का आयोजन किया गया। आरएएफ 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के निर्देशन में द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में फिट इंडिया फ्रीडम रन और योग का आयोजन कोविड-19 महामारी के सुरक्षा निर्देशों का पालन करते हुए किया गया। कार्यक्रम कें दौरान द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई फिट इंडिया फ्रीडम रन योजना के बारे मे अवगत करवाते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्धेश्य देश के लोगों को फिट करना, मोटापे, आलस्य, तनाव, चिंता और बीमारियों से मुक्ति दिलाना है। साथ ही सुरेश सिंह पायल ने सभी जवानों को अपने समय में दौड़ करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के साथ बटालियन के सभी अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।